संक्षिप्त

छात्राओं ने दिया जागरुकता संदेश

बांसवाड़ा,(निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई की ओर से भारत माता मंदिर परिसर में युवा सप्ताह के तहत छात्राओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें खुशी जैन प्रथम, भूमिका राव द्वितीय तथा रिचा द्विवेदी व मेघा अग्रवाल ने तृतीय स्थान अर्जित किया। निर्णायक की भूमिका राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश राणा ने निभाई। कार्यक्रम संयोजक जिज्ञासा शर्मा ने बताया कि छात्राओं ने कोरोना जागरूकता, महिलाओं की सुरक्षा, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, देश भक्ति विषयो पर रंगोली बनाकर समाज में एक नई दिशा देने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि ऐसे देशव्यापी विषयो के माध्यम से समाज मे नया परिवर्तन हो सकता है। इस अवसर पर विभाग संयोजक सन्देश मईडा, जिला संयोजक अजय खराडी, नगर मंत्री प्रांजल कलाल, नगर सह मंत्री हितांश कंसारा, हर्षित, यथार्थ, हेमांक, सुजल, तुषार, तनुज, आनंद आदि मौजूद रहे।

फौजदार अध्यक्ष व मदनी सैकेट्री बने

डूंगरपुर,(निसं)। मुस्लिम महासंघ की एक बैठक इदगाह मस्जिद पर फजले हुसैन मलिक की अध्यक्षता एवं जिला अध्यक्ष अनिस मलिक के आतिथ्य में सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष मोहम्मद अयुब फौजदार, उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान पठान, सचिव मोहम्मद मदनी, कोषाध्यक्ष अहमद मुल्तानी चौहान, सलाहकार फजले हुसैन मलिक, प्रचार मंत्री एहजाज एहमद कंधारी, संगठन मंत्री इनायत खान व इरशाद मलिक, संयुक्त सचिव शेर मोहम्मद मेवाफरोश को मनोनीत किया गया। बैठक में आगामी 2 फरवरी को मुस्लिम महासंघ का स्थापना दिवस मनाने, बच्चों के लिए कोचिंग लासे चलानें सहित सामाजिक उत्थान के विभिन्न बिन्दुओं पर विचार विमर्श किया गया।

करंट लगने से बेटे की मौत

डूंगरपुर,(निसं)। बिछीवाडा थाना अन्तर्गत एक युवक की करन्ट लग जानें से मौत हो गई। मृतक युवक माता पिता का इकलौता बेटा था तथा गुजरात में ट्रक चलाकर परिवार का गुजारा करता था। करौली गांव का रहने वाला विक्रम पुत्र जयशंकर ननोमा गुजरात में ट्रक ड्राइवर है। मकर संक्रांति पर वह घर आया था। मंगलवार रात को खाना खाने के बाद टीवी देख रहा था। उसकी पत्नी सुनीता, मां रूपली, पिता जयशंकर ननोमा और उसके 2 बच्चे दूसरे कमरे में सो रहे थे। रात को विऋम का हाथ बिजली के प्लग पर लगने से करंट लग गया। सुबह देर तक नहीं उठने पर मां चाय लेकर जगाने गई। आवाज लगाने पर भी नहीं उठा। हाथ लगाया तो मरा मिला।

मंत्री मालवीया आज बांसवाड़ा आयेंगे

बांसवाड़ा,(निसं)। जल संसाधन एवं इन्दिरा गांधी नहर परियोजना मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया आज गुरुवार को जयपुर से रवाना होकर सायं बांसवाड़ा पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम नाहरपुरा में करेंगे। मालवीया के विशिष्ठ सहायक शंकर लाल कुमावत ने बताया कि मालवीया 21 जनवरी को प्रात: 8 बजे माही डेम से प्रस्तावित अपर हाई लेवल केनाल के विभिन्न ग्रामों में मौके की स्थिति का निरीक्षण करेंगे ।

बांसवाड़ा में 188 संक्रमित मिले

बांसवाड़ा,(निसं)। कोरोना एक बार फिर अपने पैर पसारता नजर आ रहा है महात्मा गांधी चिकित्सालय से मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को 188 संक्रमित पाये गये। कोरोना पर नियंत्रण के लिए गाईडलाईन की सख्ती से पालना कराई जा रही है वहीं आमजन भी सावचेत नजर आ रहे हैं। रात्रि आठ बजे बाजार पूरी तरह से बंद हो जाते है। इधर मास्क लगाने के लिए भी पुलिसकर्मी अभियान चलाये हुए है।

प्रताप की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

मावली,(निसं)। मावली क्षेत्र के ग्राम पंचायत लोपड़ा गांव सालेरा खुर्द के संविदा बाल गृह में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि के अवसर पर बालकों ने पुष्पांजलि श्रद्धांजलि दी।

साधारण सभा की बैठक आज

बांसवाड़ा,(निसं)। बांसवाडा पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक 20 जनवरी को प्रात: 11 बजे प्रधान बलवीर रावत की अध्यक्षता में टीएडी भवन के सभा कक्ष में होगी।

कंधारवाड़ी में राजकीय महाविद्यालय में हो रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता रखने के निर्देश

■ त्रैमासिक 15 सूत्री समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

बांसवाड़ा जिला कलेक्ट्रेट में अल्पसंख्यक मामलात विभाग की त्रैमासिक 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भवानी सिंह पालावत ने ली।

बांसवाड़ा,(निसं)। अल्पसंख्यक मामलात विभाग की त्रैमासिक 15 सूत्रीय कार्यक्रम की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी भवानी सिंह पालावत की अध्यक्षता में हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ पीयूष पंड्या ने बताया कि अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, व्यावसायिक ऋण, मदरसा विद्यालय सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पीएमजीवीके योजना के तहत जिला मुख्यालय पर रामावि कंधारवाडी में शौचालय एवं राजकीय महाविद्यालय में हो रहे निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुस्लिम कॉलोनी में कॉमन सर्विस सेंटर के लिए पीडब्ल्यूडी द्वारा कार्य शुरू करवाने, हाउसिंग बोर्ड में पीएचसी एवं मुस्लिम कॉलोनी में डिस्पेंसरी, नगर, पृथ्वी गंज एवं नई आबादी स्कूल सहित अन्य कार्यों के प्रस्ताव संबंध में जानकारी दी गई। सदस्य हुसैनी टाटीवाला ने अल्पसंख्यक कल्याण योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करने का सुझाव दिया। मनोनीत सदस्य मुजम्मिल खान ने ऋण प्रक्रिया को सरल बनाने पर विचार रखते हुए बताया कि दस्तावेजों के कारण कई लोग इस सुविधा से वंचित रहते हैं। मिड डे मील के साथ गुणवत्ता शिक्षा, फरवरी में जयपुर में आयोजित कौशल मेले में बांसवाडा का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने, जिला मुख्यालय पर संचालित पृथ्वीगंज, नगर एवं नई आबादी विद्यालय में पीएमजेवीके योजना के तहत विभिन्न कार्यों के भेजे गए प्रस्तावों पर चर्चा की गई। सदस्य नवाब फौजदार ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के संबंध में लोगों को जागरूक करने सहित कई स्थानों पर पेयजल की समस्या एवं ड्रॉपआउट विद्यार्थियों के संबंध में चर्चा की। बैठक में विभिन्न विभाग से प्राप्त सूचनाओं पर चर्चा की गई। स्कूटी योजना, अनुप्रति तथा मुख्यमंत्री आधुनिकीकरण की योजना पर चर्चा की गई। प्रस्तावित निर्माण कार्यों की जगह पर लाइनिंग करवाने पर बल दिया गया। बैठक के दौरान ईमित्र द्वारा ज्यादा शुल्क वसूलने, टीएसपी का प्रमाण पत्र बनाने के लिए रिकॉर्ड रूम का अवलोकन करने आ रहे लोगों द्वारा वोटर लिस्ट को खराब करने, शिक्षण संस्थाओं में उर्दू टीचर के पद भरने, वक्फ बोर्ड के कार्य को आसानी से करवाए जाने एवं टीकाकरण से वंचित लोगों को जागरूक करने के संबंध में चर्चा की। बैठक में नगर परिषद आयुक्त प्रभुलाल भाबोर, आईसीडीएस उपनिदेशक मंजू परमार, डिप्टी सीएमएचओ दीपक निनामा, सहायक आचार्य रतनपाल डोडियार, समूह अनुदेशक संजय जैन, प्रधानाचार्य पूर्वा पंड्या, मौजूद रहे।

बिलौता मंदिर से चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ चोरी के मामले में 5 आरापी गिरफ्तार

राजसमंद, (निसं)। जिले के देलवाडा थाना क्षेत्र के बिलौता गांव स्थित लिम्बडिया बावजी मंदिर से चोरी के मामले में देलवाडा थाना पुलिस ने चोरी के गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन तलवारें एवं एक बोलेरो गाडी को भी बरामद किया गया।

थानाधिकारी उदयलाल ने बताया कि क्षेत्र में लगातार बढती चोरियों की वारदातों को लेकर चोरियों पर अंकुश लगाए जाने के लिए एसपी सुधीर चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा एवं डीएसपी छगन पुरोहित द्वारा बदमाशों की धरपकड के निर्देश प्राप्त हुए। निर्देशानुसार थानाधिकारी उदयलाल के नेतृत्व में सउनि बरकत खान, हेडकोंस्टेबल लूम्बसिंह, रोशनलाल, ओमसिंह, कांस्टेबल रिपुदमनसिंह, नानालाल व राजेन्द्र की टीम का गठन किया गया। टीम ने क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए संदिग्धों प्रभुलाल कटारा एवं नारायणलाल पारगी को डिटेन कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने मामले में अन्य साथी प्रेमलाल उर्फ नानालाल पारगी, सुरेश कटारा, कालूलाल पारगी के बारे में बताया। इस पर पुलिस ने आरोपियों की गहनता से तलाश करते हुए 5 आरोपी प्रभुलाल पुत्र देवीलाल कटारा (भील) निवासी नया रेहट गोदाना थाना झाडोल, सुरेश पुत्र थाबरचंद कटारा (भील) निवासी लवारखेडी आरवाडा थाना झाडोल, नारायण पुत्र बाबूलाल पारगी (भील), प्रेमलाल उर्फ नानालाल पुत्र बाबूलाल पारगी (भील), कालू पुत्र मोहनलाल पारगी (भील) निवासी आरवाडा थाना झाडोल को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के चोरी का माल सहित तीन तलवारें एवं एक गाडी को भी बरामद किया गया है। मामले को लेकर पुलिस द्वारा अनुसंधान जारी है।

अंडर ब्रिज की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन दिया

■ ग्रामवासियों ने सर्वे के अनुसार पुलिया पर अंडरब्रिज निर्माण करने स्वीकृति की मांग की

अंडर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने सरपंच भैरूसिंह के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी उमेदसिंह को ज्ञापन दिया।

भीम,(निसं)। भीम उपखंड क्षेत्र के कुकड़ा ग्राम पंचायत अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बारला चौड़ा पर अंडर ब्रिज निर्माण की मांग को लेकर ग्रामवासियों ने सरपंच भैरूसिंह के नेतृत्व में बुधवार को उपखंड अधिकारी उमेदसिंह को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व सरपंच हरिसिंह पूनमसिंह भजनसिंह महेंद्रसिंह जसवंतसिंह कैलाशसिंह प्रतापसिंह नारायणसिंह देवीसिंह किशनसिंह दुर्गासिंह जीवनसिंह खूमसिंह आदि ग्रामवासियों ने प्रस्तुत ज्ञापन में बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारला चौड़ा से ग्राम पंचायत मुख्यालय, सीनियर माध्यमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, उप स्वास्थ्य केंद्र, पटवार मंडल, पोस्ट ऑफिस, बैंक शाखा, किसान सेवा केंद्र, अनाज गोदाम, उचित मूल्य की दुकान, पशु चिकित्सालय आदि सरकारी कार्यालयों पर आमजन के आवागमन को लेकर आम जनता का आना-जाना हमेशा बना रहता है राष्ट्रीय राजमार्ग को क्रॉस करने के लिए अंडर ब्रिज निर्माण की महती आवश्यकता है। ग्रामवासियों ने बारला चौड़ा 23 मील पर सर्वे के अनुसार पुलिया पर अंडरब्रिज निर्माण करने स्वीकृति की मांग की है।



नवनियुक्त जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल ने भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दर्शन किए। दर्शन पश्चात चित्तौड़गढ़ कलेक्टर पोसवाल ने मंदिर परिसर एवं गार्डन का अवलोकन भी किया। मंदिर बोर्ड चेयरमैन कन्हैयालाल वैष्णव, मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी रतन कुमार स्वामी, मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच, कार्मिक प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, भेंट कक्ष के संजय कुमार मंडोवरा आदि ने उपरना प्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया। जिला कलेक्टर ने मंदिर कार्यालय में मंदिर बोर्ड चेयरमैन वैष्णव एवं मंदिर के मुख्य निष्पादन अधिकारी स्वामी से मंदिर गतिविधियों की जानकारी ली।

158 परिवारों में 68 परिवारों को किया पात्र

■ खबर का असर, मिलेगा आवास योजना का लाभ

भीण्डर,(निसं)। भीण्डर पंचायत समिति की भोपाखेडा ग्राम पंचायत में कर्मचारियों की लापरवाही से प्रधानमंत्री आवास योजना से 158 परिवारों को विभिन्न कारणों से किये गये अपात्र में से 68 परिवारों को पुन: पात्र मानते हुए आवास योजना में शामिल कर दिया है। 17 जनवरी के अंक में स्मार्ट फोन के जमाने में लैंडलाइन फोन की वजह से अपात्र हुए सैकडों परिवार के शीर्षक से समाचार प्रकाशित करके मामला उजागर किया था। जिसके बाद भीण्डर पंचायत समिति से एक जांच टीम गठित करके भेजी गई और टीम की रिपोर्ट के आधार पर 158 में से 68 परिवारों को पात्र मानते हुए पुन: सूची में शामिल किया गया।

जांच टीम ने किया निरीक्षण, मौके पर मिले कच्चे मकान: भोपाखेडा ग्राम पंचायत मिले अपात्र किये गये 158 परिवारों की जांच के लिए जिला परिषद उदयपुर के निर्देश पर पंचायत समिति भीण्डर के विकास अधिकारी विशाल सीपा ने जांच टीम गठित करके भेजी। टीम ने भोपाखेडा पहुंच करके समाचार में दिये गये 4 परिवारों के उदाहरण को मौका स्थिति पर जाकर देखा और सभी मकान मौके पर कच्चे मिले। टीम ने भोपाखेडा के पप्पूलाल पिता टीला मीणा, नाथु लाल पिता उदा गायरी, रतनलाल पिता चुनालाल मीणा, लाला गायरी पिता उदा गायरी के मकानों का निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि इन परिवारों ने आज दिन तक किसी भी प्रकार की सरकार की आवास योजना का लाभ नहीं उठाया और ना ही इनका पक्का मकान है। इसलिए चारों परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए पात्र माना जाता है।

महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की

डूंगरपुर,(निसं)। भाजपा नगर मण्डल द्वारा बुधवार को महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भाजपा नगर अध्यक्ष दिलीप जैन ने बताया कि वीर शिरोमणि मेवाड की शान वीर महाराणा प्रताप जिनके इतिहास के पन्नों में अपनी बहादुरी के तमाम किस्से दर्ज कराने वाले शूरवीर सपूत महाराणा प्रताप की आज यानी 19 जनवरी को पुण्यतिथि है। महाराणा प्रताप के शौर्य और बहादुरी की मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। उन्होंने अपने पराक्रम से मुगलों को नाकों चने चबवा दिए थे। बता दें महाराणा प्रताप का जन्म राजस्थान के कुंभलगढ दुर्ग में 9 मई, 154० को हुआ था। वह महाराणा उदय सिंह और माता जयवंत कंवर की संतान थे। उनकी वीरता के अनेक किस्से मशहूर हैं। महाराणा प्रताप युद्ध कौशल में पारंगत होने के साथ-साथ बेहद शक्तिशाली थे। कहा जाा है कि वह 7 फुट 5 इंच लंबे थे और अपने साथ हमेशा अपना मशहूर भाला और दो तलवारें रखते थे। इसके साथ ही वह 72 किलो का कवच भी धारण किया करते थे। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति प्रताप सर्कल पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रभु पंडया नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ पूर्व जिला प्रमुख माधव लाल वरहात द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

आईएएस शुभम चौधरी ने डूंगरपुर जिला कलेक्टर का पद्भार ग्रहण किया

■ जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार मूलभूत आवश्यकताओं सहित विकास पर रहेगा फोकस

नवपदस्थापित जिला कलेक्टर का एमआई के सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया।

डूंगरपुर,(निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा के बैच 2014 की अधिकारी शुभम चौधरी ने डूंगरपुर जिले के 6 3 वें जिला कलेटर के रूप में पद भार ग्रहण किया।

शुभम चौधरी के डूंगरपुर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचने पर सर्वप्रथम अतिरिक्त जिला कल टर कृष्णपाल सिंह चौहान, उपखंड अधिकारी डूंगरपुर मणीलाल तिरगर, जनसंपर्क सहायक निदेशक छाया चौबीसा, अतिरिक्त निजी सचिव हेमेन्द्र चौबीसा निजी सहायक देवचंद यादव, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी जयंति साद, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी शीतल मेनारिया सहित अन्य अधिकारियों एवं कार्मिकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

एडीएम चौहान ने नव नियुक्त जिला कलेक्टर चौधरी को जिले की भौगोलिकता के साथ ही संचालित विभिन्न विभागीय योजनाओं तथा विकास कार्यो से अवगत कराया।

मीडिया से रूबरू होते हुये नव नियुक्त जिला कलेक्टर चौधरी ने कहा कि डूंगरपुर जिले में उनका प्रयास कोरोनो के नये वेरिएंट को देखते हुये स्वास्थ्य सेवाओं और इसके साथ ही शिक्षा, रोजगार जैसी मूलभूत आवश्यकताओं के साथ ही जिले के विकास पर फोकस रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास राज्य सरकार की योजनाओं का प्रभावी संचालन करते हुये पात्र वंचित लोगों को अधिकाधिक लाभान्वित करना होगा। इसके साथ ही सामाजिक समरसता, रेल के कार्य को गति प्रदान करना, नये इंवेस्टर्स को प्रोत्साहित करना जिससे जिले के विकास से रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हो सकें। इसके पश्चात नव नियुक्त जिला कलेक्टर चौधरी ने जिला कले टेऊट के विभिन्न अनुभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम चौहान ने विभिन्न अनुभागों में संपादित गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने निजी सहायक शाखा, सामान्य शाखा, राजस्व शाखा, संस्थापन, लेखा, स्टोर, न्याय विधि अनुभाग, लेखाकार, भू अभिलेख शाखा, टेऊजेरी, एसडीओ कार्यालय, विकास शाखा, लोक अभियोजक अनुभग, सहायता अनुभाग, सतर्कता शाखा, चुनाव शाखा डीओआईटी, जिला परिषद के विभिन्न प्रकोष्ठों, पुलिस विभाग के अभय कंमाड सेंटर अनुभाग की जानकारी ली तथा वहां पर उपस्थित कार्मिकों से संवाद किया तथा अनुपस्थित कार्मिकों के अनुपस्थित रहने का कारण जाना। साथ ही समस्त कार्मिकों को कोरोना गाईड लाईन की पालना करने के भी निर्देश दिये।

सार-समाचार

पानी निकासी नहीं होने से कीचड़ फैला

भीण्डर,(निसं)। भीण्डर नगर पालिका में हरसिद्धी कॉलोनी से नगर पालिका ने लाखों रूपयों की आय कर दी लेकिन कॉलोनी के गंदे पानी की निकासी से राहगीर परेशान हो रहे है। इसको लेकर कई दफा क्षेत्रीय पार्षद सहित नगर पालिका को अवगत करवाने के बावजुद भी गंदे पानी की निकासी व कीचड हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठा रहे है। भीण्डर के करणी माता मन्दिर से जेतपुरा जाने वाले मार्ग पर कुछ वर्षों पहले एक कॉलोनी विकसित हुई, जिससे नगर पालिका में लाखों रूपयों की आय हुई। इस कॉलोनी में बने मकानों से गंदे पानी की निकासी करणी माता-जेतपुरा मार्ग पर करने से रास्ते से गुजरने वाले छात्र-छात्राएं, कृषक व राहगीरों को खासी परेशानी का सामना करना पडता है। कॉलोनी के आसपास के खेत वालों ने शिकायत करते हुए कहा कि कॉलोनी के गंदे पानी की निकासी का कोई नाला व नाली नहीं बनाने की वजह से सभी पानी रास्ते में भरा रहता है। यहां पर वर्षभर कीचड रहता है। इससे यहां से पैदल यात्री का जाना मुश्किल हैं तो वहीं दो पहिया वाहन भी फंस जाते है। लोगों ने रास्ते की सफाई एवं गंदे पानी की सही ढंग से निकासी की मांग की है।

कलेक्टर सक्सेना ने पदभार संभाला

राजसमंद, (निसं)। राज्य सरकार के गत दिनों जारी आदेशानुसार नवीन पदस्थापित जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने बुधवार को निवर्तमान जिला कलेक्टर अरविंद कुमार पोसवाल से कार्यभार ग्रहण कर लिया है। 2015 बैच के आईएएस अधिकारी इससे पहले सक्सेना उदयपुर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट व अलवर आदि स्थानों पर कार्यरत रहें। उन्होंने बुधवार को राजसमंद जिला कलेक्टर के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की क्रियान्विति व विकास पर मुख्य रूप से फोकस रहेगा। इस दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (आईएएस) उत्साह चौधरी ने नए जिला कलक्टर निलाभ सक्सेना को श्रीजी की छवि भेंटकर स्वागत किया।

कपासन उपकारागृह का निरीक्षण

कपासन,(निसं)। राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), चित्तौडगढ ओमी पुरोहित द्वारा दिए गए निर्देशों की पालना में सचिव भानु कुमार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चित्तौड़गढ़ ने उपकारागृह कपासन का औचक निरीक्षण किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भानु कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दोरान उपकारागृह कपासन में अनियमिताएं पाई गई जिसमें अधिकांश बंदीयों के मास्क नहीं थे, उपकारापाल गोपाल लाल कोविड-19 की जॉच के बारे मे जानकारी ली गई तो उसने बताया कि अभी तक कोविड-19 की जॉच नहीं हुई है तो उपकारापाल को जल्द से जल्द से कोविड-19 की जॉच करवाने हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये गये। उपकारापाल से कोविड 19 महामारी के बचाव के लिए सावधानियों की जानकारी ली गई। उपकारापाल ने बताया कि बंदी को जेल में दाखिल करने से पूर्व वारण्ट के साथ बंदी की कोरोना नेगेटिव रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद ही बंदी को जेल में दाखिल किया जाता है तथा उनकों पृथक से आइसोलेट रखा जाता है एवं कोरोना के कोई लक्षण दिखाई नहीं देने पर ही अन्य बंदियों के साथ रखा जाता है। सचिव ने उपकारापाल को निर्देशित किया कि जेल में निरूद्ध बंदीयों के कोविड 19 टीकाकरण की पालना, सोशल डिस्टेंसिंग एवं कोविड 19 के संबंध में राज्य सरकार द्वारा समय समय पर जारी दिशा निर्देशों की पालना करने एवं मास्क तथा सेनिटाईजर का नियमित उपयोग करने की सलाह दी।

गंदे पानी की निकासी को लेकर तनातनी में किये वार, एक की मौत

डूंगरपुर,(निसं)। बिछीवाडा थाना अन्तर्गत भेहणा गांव में नाली का गंदा पानी घर के आंगन में आने पर युवक ने किसान के सिर पर लट्ठ मार दिया। जिसके बाद घायल हुए व्यक्ति की मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार भेहणा निवासी लालशंकर पटेल के घर से निकलनें वाला गंदा पानी पडौस में रहने वाले पंकज पुत्र भगवान पटेल के घर के आगे एकत्रित होता था, जिसके चलते मच्छरो का प्रकोप हो रहा था।मंगलवार को जब लालशंकर अपनें खेतो से वापस लौट रहा था तो इस गंदे पानी की निकासी की बात को लेकर दोनों में तनातनी हो गई और आवेश में आकर पंकज ने लालशंकर के सिर पर लट्ठ से ताबडतोड वार कर दिये।इस दौरान बीच बचाव करनें आए उसके भाई के साथ भी पंकज ने मारपीट की। इसके पश्चात लालशंकर को घायल अवस्था में उसके परिजन डूंगरपुर चिकित्सालय लाए, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गईथी। पुलिस ने बुधवार को मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सुपूर्द किया तथा आरोपी पंकज पटेल को गिरफ्तार कर लिया।

चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

भीम,(निसं)। भीम पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली के चोरी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद की है। आसूचना अधिकारी बजरंगसिंह ने बताया कि प्रार्थी हमीर सिंह पिता मिट्ठू सिंह निवासी नंदावट देवजी का देवरा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका ट्रैक्टर गत 10 जनवरी को बलाइयों का कुआं से चोरी हो गया था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। उच्च अधिकारियों के निर्देशन में सीआई गजेंद्रसिंह, हेड कांस्टेबल प्रवीणसिंह, सलीम मोहम्मद, बजरंग सिंह सुनील कुमार आदि की टीम ने सूचना संकलन कर आरोपी महेंद्रसिंह उर्फ कालूसिंह पिता श्रवणसिंह निवासी भाउगोदा की गुआर भीम को गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद की है । अभियुक्त से पूछताछ जारी है चोरी की और भी वारदातें खुलने की संभावना है।

बिगड़ती कानून व्यवस्था पर रोष जताया

बांसवाड़ा,(निसं)। भाजपा नगर मंडल पदाधिकारियों ने नगर अध्यक्ष निलेश जैन, बांसवाडा मंडल अध्यक्ष संजय पंड्या व तलवाडा मंडल अध्यक्ष किरण जोशी के नेतृत्व में जिला कलेक्टर के माध्यम से गृहमंत्री को ज्ञापन भेजकर अलवर में मूकबधिर बच्ची के साथ हुई घटना की निष्पक्ष जांच की मांग की। इन लोगों ने जिले में आये दिन हो रही घटनाओं पर भी रोष जताते हुए घटनाओं की निष्पक्ष जांच कराकर अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए कहा कि वर्तमान में जिले से राज्य सरकार में दो मंत्री है लेकिन जिले में भ्रष्टाचार को चरम सीमा पर पहुंचाया जा रहा है। इन लोगों ने आरोप लगाया कि जनजाति मंत्री द्वारा दाहोद रोड पर करोडो की कुक्कड शाला की जमीन खुर्द-बुर्द कर एवं धार्मिक स्थान को तोडकर भू-माफियाओं को बेची जा रही है जो भ्रष्टाचार को श्रेय देता नजर आ रहा है। इन लोगों ने कहा कि जिले में महिलाओं के साथ हो रही घटना हो या हाईवे पर राहगीरों के साथ लूट की घटना हो या फिर हत्याओं के मामले हो अपराधी पुलिस की पहुंच से दूर बेखौफ नजर आ रहे है एवं आमजन में डर का माहौल है।

भीण्डर ब्लॉक में 11 संक्रमित मिले

भीण्डर,(निसं)। चिकित्सा विभाग द्वारा बुधवार को जारी की कोरोना पॉजिटिव की सूची में भीण्डर ब्लॉक के 11 कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले। जिसमें से 6 मरीज केवल भीण्डर शहर के है। भीण्डर ब्लॉक की सूची के अनुसार भीण्डर ब्लॉक के खोखरवास गांव निवासी 19 वर्षीय युवक, तेलनखेडी गांव निवासी 32 वर्षीय पुरूष, जाटों का खेडा नांदवेल निवासी 27 वर्षीय युवक, भदेसर चौक निवासी 76 वर्षीय वृद्ध, मोडी गांव निवासी 6० वर्षीय पुरूष कोरोना पॉजिटिव मिले। वहीं भीण्डर शहर में जेतपुरा निवासी 52 वर्षीय पुरूष, वार्ड 19 निवासी 45 वर्षीय महिला, आमेटा कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय महिला, वार्ड 17 निवासी 26 वर्षीय युवक, वार्ड 9 निवासी 60वर्षीय महिला, 8 वर्षीय बालक कोरोना पॉजिटिव मिले।